दैनिक
क्रांतिकारी संकेत
रायगढ़ आसपास
आपका अपना अखबार
रायगढ़, गुरुवार
25 मार्च 2021

जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

टीवी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता

रायगढ़। जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा 'विश्व टी. बी. दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन माइंस प्रक्षेत्र के ग्राम बालजोर एवं आमाघाट में किया गया और बताया गया कि विश्व टीबी (तपेदिक) दिवस का आयोजन व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर सम्पूर्ण विश्व में इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक कर इस बीमारी की खात्मा व निराकरण किया जा सके। 'विश्व टी. बी. दिवस' 2021 का इस वर्ष का थीम 'द क्लॉक इज टिकिंग' इस शब्द का शाब्दिक अर्थ है कि- समय बहुत तेजी से गुजर रहा है, हमें और भी अधिक जागरूक होकर कार्य करने की आवश्यकता है। अतएव सही मायने सम्पूर्ण विश्व में जनसमुदाय को इस बीमारी के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है।

ग्राम बालजोर एवं आमाघाट में जनसमुदाय और प्रबुद्ध नागरिकों के मध्य का टीबी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजेश रावत, प्रबंधक, जेपीएल तमनार, डॉ. हेमेन्द्र साहू, मेडिकल आफिसर, डॉ. रंजन कुमार, मेडिकल आफिसर, डीसीपीपी डोंगामौहा, लक्ष्मण बहिदार, आनंद पण्डा, अमित चौधरी, सीएसआर



जेपीएल तमनार, मानस पटनायक, डीसीपीपी डोंगामौहा एवं सीएसआर. जेपीएल के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर प्रथमतया डॉ. हेमेन्द्र साहू ने बताया कि टीबी बीमारी होने के चार प्रमुख कारणों एवं इसके लक्षण पर विस्तृत परिचर्चा करते हुये इसके समुचित निदान पर विस्तृत परिचर्चा की। डॉ. साहू ने कहा कि बताया कि यह बीमारी नाईलाज नहीं है, वरन समय रहते हुए इसे जानपहचान कर इसका समूचित निदान करना चाहिए। डॉ. रंजन कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें टी.बी. बचाव के लिए इसके लक्षण व कारणों को पहचान कर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए जिससे कि टीबी न हो सके। इसके अतिरिक्त टीबी के लक्षणों को पहचान कर शीघ्र स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक से सम्पर्क करना चाहिए।



टीबी के लक्षण एवं उपचार की दी गई जानकारी

ग्राम आमाघाट में आयोजित कार्यक्रम में अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में राजेश रावत जेपीएल सीएसआर ने समुदाय के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में बताते हुए टीबी के लक्षण एवं उपचार पर परिचर्चा की। उन्होंनें कहा कि टीबी लाईलाज नहीं है, बशर्ते कि हम इसके प्रति जागरूक रहकर इसके समूचित निदान का प्रयास करते रहें। सरकार के काफी प्रयासों एवं जागरूकता अभियानों के बाद भी हमारे देश में आज भी भारी मात्रा में लोग टीबी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं, जो कि चिंतनीय है। इसके लिए हमें सभी को प्रतिबद्धता के साथ सामुहिक प्रयास करने होगें।

इस अवसर पर उपस्थित जनमानस के मध्य टीबी से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम बालजोर में कार्यक्रम का सफ्ल मंच संचालन लक्ष्मण बहिदार एवं ग्राम आमाघाट में आनंद पण्डा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर के समस्त सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।